हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026



# इलाज के दौरान ड्राइवर की मौत से भड़के लोग, हाईवे में शव रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला थाना से चंद दूरी पर स्थित बस स्टैंड और बाजार चौक में 20 मार्च को हुई खौफनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है। मामूली विवाद के बाद थाना अंबागढ़ चौकी के सांगली निवासी और भारत ट्रैवल्स के ड्राइवर कमलेश भुआर्य 45 वर्ष की बेरहमी से पिटाई की गई। जिसके पांचवे दिन बुधवार रात इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मोहला थाना में हलचल तेज हो गई और पुलिस ने मामले से जुड़े आरोपियों को रात से ही हिरासत में लेना शुरू कर दिया है।

इधर राजनांदगांव से पोस्टमार्टम कर वापस अंबागढ़ चौकी पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने सागली मोड पर मृत ड्राइवर के शव को रखकर राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे आक्रोश में जाम रखा। इधर तत्काल मोहला पुलिस ने हत्या का एफआईआर दर्ज कर हत्या के मुख्य आरोपी मोहला राजपूत ट्रांसपोर्ट के संचालक जीतू ठाकुर सहित 6 से 7 लोगों को हिरासत में लिया है।

घटना 20 मार्च रात करीब 8-9 बजे बस स्टैंड में शुरू हुई, जब भारत ट्रैवल्स के ड्राइवर कमलेश भुआर्य का बस स्टैंड में बैठे अन्य ड्राइवर इसराइल खान, प्रवीण और राजपूत ट्रांसपोर्ट के संचालक सोनू राजपूत आदि लोगों से मामूली कहा-सुनी हुई। विवाद बढ़ा तो सभी ने मिलकर कमलेश की पिटाई कर दी। गश्त पर मौजूद मोहला पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह शांत कराया। इसके बाद कमलेश को

शेष पेज 15 पर

## मोहला में ड्राइवर को अतड़ी फटने तक पीटने का मामला, सख्त कार्रवाई की मांग

### इलाज के दौरान मौत

21 मार्च को सुबह 6.15 बजे ड्राइवर कमलेश बस लेकर राजनांदगांव के लिए निकला, तभी अंबागढ़ चौकी में उसकी हालत गंभीर होने पर उसे अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फिर राजनांदगांव के निजी अस्पताल मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। अंदरूनी चोंटे इतनी गंभीर थी कि उसकी अतड़ी तक फट गई थी। पांच दिन तक मौत से जूझने के बाद बुधवार रात करीब 9 बजे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार और गांव में आक्रोश फैल गया। आज दोपहर को पोस्टमार्टम कर वापस लौटने के उपरांत सांगली मोड में ग्रामीणों एवं परिजनों ने मृत शरीर को राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में रखकर घंटों प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद ले देकर जाम खुल पाया।



### आरोपियों की धरपकड़ शुरू

आंचलिक पत्रकारों के जरिये पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह तथा थाना को जैसे ही युवक की मौत की जानकारी मिली, रात से ही मोहला थाना सक्रिय हो गया। घटना से जुड़े मुख्य आरोपी इसराइल खान, प्रवीण और सोनू राजपूत को तत्काल हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा ने बताया कि अब तक इस मामले में सात संदिग्धों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मोपेड में शराब ले जाते कोचिया पकड़ाया



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से बिक्री करने हेतु मोपेड में शराब रखकर ले जाने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिससे 50 पाव देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मार्च को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुरमुंदा से ग्राम मेढ़ा जाने वाले मार्ग के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी देवानंद वर्मा उर्फ देवा को मोपेड सहित पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं टीवीएस जूपिटर जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। ज्ञात हो पिछले कुछ महीनों से पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ अभियान शुरु कर दिया है। जिसके चलते अवैध बिक्री करने वालो पर एक्शन हो रहा है।

## उड़काटोला जंगलों से निकले 5 हथियारबंद नक्सली, कांकेर में आत्मसमर्पण

# शेष 6 नक्सलियों ने भी किया सरेंडर चार दशक बाद वनांचल नक्सल मुक्त

एनिशपुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

मोहला छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के घने जंगलों और सीमावर्ती ग्रामों में फैला 40 वर्षों का लाल आतंक आखिरकार समाप्त हो गया है। कांकेर-बस्तर के उड़काटोला जंगलों से आरकेबी डिवीजन कमेटी के पांच सशस्त्र नक्सली आज हथियारों सहित आत्मसमर्पण के लिए कांकेर एसपी कार्यालय पहुंचे। इस महत्वपूर्ण कदम को क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में निर्णायक मोड़ माना जा रहा है।

**40 सालों का इतिहास**

मोहला-मानपुर और आसपास के क्षेत्रों ने बीते चार दशकों में नक्सलवाद की भयावहता को झेला है। यह नवगठित आदिवासी अनुसूचित जनजातीय जिला सैकड़ों विस्फोट, अपहरण, जनप्रतिनिधियों की हत्या, ग्रामीणों पर तलिबानी सजा, युवा वर्ग की निर्मम हत्याओं जैसी घटनाओं का दर्द सहता रहा है।





### संयुक्त एरिया कमेटी नक्सल मुक्त

इन पांच नक्सलियों के आत्मसमर्पण के साथ ही मोहला-मानपुर-औंधी संयुक्त एरिया कमेटी का पूरी तरह सफाया हो गया है। यह क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से मुक्त घोषित किया जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के लिए यह बड़ी उपलब्धि है, जो आने वाले दिनों में विकास कार्यों और जनविश्वास बहाली को तेजी देगा।

### हथियारों के साथ आत्मसमर्पण

समर्पण के लिए पहुंचे नक्सलियों के पास से एक एसएलआर और दो 303 रायफल सहित अन्य सामग्री बरामद हुई है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में एसीएम मंगेश, एसीएम गणेश उइका, एसीएम राजे, एसीएम हिड़मे उर्फ जमाली, एसीएम मंगति शामिल हैं। इन सभी पर विभिन्न नक्सल गतिविधियों में शामिल होने के चलते इनाम घोषित था।

### जिला नक्सल मुक्त

नक्सलियों के आखिरी डेट लाइन से 5 दिन पहले ही आरकेबी डिवीजन कमेटी के 5 नक्सलियों ने कांकेर में आत्मसमर्पण कर दिया है। इस तरह अब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला नक्सल मुक्त हो गया है।

- वायपी सिंह, एसपी
मोहला-मानपुर-अं. चौकी

### लाल आतंक का अंत

1985 के आसपास आंध्रप्रदेश से होते हुए नक्सली बस्तर क्षेत्र के रास्ते मानपुर के दक्षिणी हिस्से में पहुंचे। औंधी थाना क्षेत्र में उनकी पहली सक्रियता दिखी और फिर धीरे-धीरे पूरे इलाके में भय का साम्राज्य फैलता गया। जंगलों और पगडंडियों का सर्वे कर नक्सलियों ने सीमावर्ती घाटियों, औंधी से बकरकट्टा तक अपना मजबूत आधार क्षेत्र बना लिया, जो वर्षों तक आतंक का पर्याय बना रहा।

# सोमनी के 'अविश्वास' से संगठन में गुटबाजी, दो वरिष्ठों के बीच में विवाद!

## प्रदेश संगठन को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर छिड़ी जंग अब जिला भाजपा संगठन तक भी पहुंच गई है। इस प्रकरण को लेकर भाजपा संगठन में दो खेमे के बीच जबर्दस्त गुटबाजी के हालात निर्मित हो गए हैं। हालात यह है कि पिछले दो दिन पहले दो वरिष्ठ के बीच जमकर विवाद की भी खबरें सामने आ रही है। वरिष्ठ नेताओं के बीच हुए विवाद से भाजपा के कार्यकर्ता भी काफी हतप्रभ है।




मिली जानकारी के अनुसार सोमनी सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के बाद से ही भाजपा संगठन में दो फाड़ की स्थिति साफ तौर पर दिखाई देने लगी थी। बताया जाता है कि भाजपा का एक खेमा इस मामले में संगठन के नेता पर आरोप मढ़ रहा है, उनके इशारे पर ही अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। बताया जाता है कि दो दिन पहले भाजपा कार्यालय में इस बात को लेकर दो वरिष्ठ नेताओं के बीच जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सूत्रों का कहना है कि विवाद को बढ़ता देख वहां मौजूद नेताओं ने दोनों वरिष्ठ नेताओं को शांत कराया। मामले की जानकारी प्रदेश संगठन तक पहुंचने के बाद बुधवार को एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में एक भाजपा नेता ने संगठन पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए। इसके बाद विवाद को शांत करने के लिए माफी भी मंगवाई गई।

### बैठक में भी खींचतान

भाजपा कार्यालय में दो नेताओं के बीच हुए विवाद के पहले भी राजनांदगांव की एक निजी होटल में आहूत बैठक में नेताओं के बीच जमकर तकरार होने की खबरें सामने आ चुकी है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा संगठन में पिछले कुछ दिनों से कुछ अच्छा नहीं चल रहा है।

# महाअष्टमी पर हवन, गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महाअष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। हवन पश्चात कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद लिया गया। मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज रही। पर्व पर कहीं समाजसेवी व संस्थाओं द्वारा भंडारा महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया।

अंचल के मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में महाअष्टमी पर्व के अवसर पर शक्ति की देवी मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हवन किया गया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने व्रत धारण भी किया। अंचल में श्रद्धा-भक्ति का बयार रहा। इधर शहर के प्रमुख मंदिरों में मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर बस स्टैंड, मां महामाया मंदिर, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, दुर्गा मंदिर किल्लापारा, मां भानेश्वरी मंदिर, मां शीतला मंदिर स्टेशनपारा सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की उपस्थिति रही।

### शुरू होगा विसर्जन का सिलसिला

अष्टमी हवन के पश्चात अब ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जस गीतों की गूंज के बीच ज्योत जंवारा का शोभायात्रा निकालकर तालाबों में विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा। इधर महाअष्टमी पर्व पर शहर के कई स्थानों में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किए।

# नाबालिग ने श्वान को लाठी से बेदम पीटा पशुप्रेमियों ने थाना में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गौ सेवक एवं पशु प्रेमियों द्वारा बसंतपुर थाना में पहुंचकर शहर के पठानपारा क्षेत्र में एक किशोर द्वारा लाठी से कुत्ते के बच्चों को पीटे जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई है।

एक वायरल वीडियो में किशोर द्वारा कुत्ते के बच्चे को लाठी से जमकर पीटा जा रहा है, जिस पर संज्ञान लेते पशु प्रेमियों द्वारा स्थानीय बसंतपुर थाना में इस मामले में कार्रवाई को लेकर ज्ञापन दिया गया है। पशु प्रेमी एवं गौसेवकों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि शहर के गांधी नर्सिंग होम के पीछे स्थित पठानपारा क्षेत्र का एक युवक मोहल्ले के निर्दोष श्वानों को बेरहमी से मार रहा है। उक्त घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि वह कुत्तों के साथ क्रूरता कर रहा है। जिससे वे तड़प-तड़प रहे हैं। यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि कानूनन भी दंडनीय अपराध है।

### कानूनी कार्रवाई की मांग

ज्ञापन सौंपने पहुंचे पशु प्रेमी ऋषि शास्त्री, शालिनी चितलांगिया, प्रणय, तन्मय श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय और असंवेदनशीलता को बढ़ावा देती है तथा पशु संरक्षण के नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की तत्काल जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**बीते दिनों भी आया था मामला**

बीते दिनों भी शहर के ममता नगर क्षेत्र में इसी तरह कुत्ते को पीटे जाने का मामला सामने आया था, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं अब एक युवक द्वारा आवारा कुत्तों की पिटाई की गई है। अब इस मामले में पशु प्रेमी सामने आकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और कार्रवाई नहीं होने पर उच्च स्तर पर शिकायत की चेतावनी दी है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## भंडारा आज

**राजनांदगांव।** रानीसागर भूलनबाग में स्थित मां सात बहिनिया मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर कल 27 मार्च को दोपहर 11 से शाम 5 बजे तक भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया है। रानीसागर मछुवारा समिति ने उक्त भंडारा कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील भक्तों से की है।

## माय एंगल




## दिक्कतों के चलते राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों को लौटना पड़ा बैरंग

# सॉफ्टवेयर अपडेट होने से राशन वितरण में समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 5 दिन मशीन बंद रहने के बाद गुरुवार से पॉस मशीन प्रारंभ होते ही सॉफ्टवेयर अपडेट हो गया है। जिससे राशन वितरण में काफी समस्या आ रही है। नए सॉफ्टवेयर में हितग्राही का मोबाइल नंबर डालने के बाद ओटीपी फेल हो रही है। जिससे राशन लेने पहुंचे लोगों को घंटों इंतजार कर वापस लौटना पड़ रहा है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा वितरित किए जाने वाले राशन में वितरण प्रक्रिया मशीन का सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया है। इस सॉफ्टवेयर के अपडेट होने से राशन वितरकों को समस्या होने लगी। मशीन अपडेट का आज पहला दिन होने के चलते इस सॉफ्टवेयर को समझने में ही कई राशन दुकान से संचालकों को काफी वक्त लगा। जिसकी वजह से राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण नहीं हो सका, कई हितग्राही वापस भी लौट गए।



### अपडेट बाद समझने में लग रहा समय

पॉस मशीन अपडेट होकर नए सॉफ्टवेयर के साथ शुरू होते ही बार-बार मशीन बंद होने की समस्या भी आई। राशन कार्ड का नंबर डालने के बाद आधी प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात फिर से प्रक्रिया प्रारंभ होने की समस्या भी आई। राशन दुकान संचालक एक-दूसरे को फोन कर पॉस मशीन की नई प्रक्रिया समझते रहे।

### नहीं दिया गया प्रशिक्षण

नए सॉफ्टवेयर में अपडेट को लेकर विभागीय प्रशिक्षण नहीं दिया गया। जिसकी वजह से कई राशन दुकान संचालकों को सॉफ्टवेयर अपडेट होते ही इसे ऑपरेट करने में समस्या सामने आई। कुछ राशन दुकान संचालकों ने कहा कि पॉस मशीन में दिए गए फीचर अपडेट हो गए हैं। जिससे दिक्कत महसूस हो रही है। वहीं उन्होंने कहा कि राशन कार्ड नंबर डालने पर अंक काफी छोटे आ रहे हैं। जिससे कमजोर दृष्टि होने पर भी समस्या हो रही है।

### हितग्राही होते रहे परेशान

पांच दिनों से मशीन बंद होने की वजह से हितग्राही राशन नहीं ले पाए थे। आज सुबह पॉस मशीन चालू होते ही राशन लेने हितग्राहियों को नए सॉफ्टवेयर के चलते काफी देर इंतजार करना पड़ा। वहीं कई हितग्राही मशीन के काम नहीं करने के चलते वापस लौट गए। हितग्राहियों ने कहा कि 5 दिनों से मशीन बंद होने की वजह से उन्हें राशन नहीं मिला था। आज मशीन चालू होने की जानकारी मिलने पर राशन लेने पहुंचे हैं, लेकिन नए सॉफ्टवेयर की वजह से राशन लेने में समस्या हो रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### सफाई का जायजा लेंगे करसे



**डोंगरगढ़।** बाबासाहेब आंबेडकर वंचित शोषित समाज के प्रदेश सचिव नरेश करसे वाल्मीकि ने सभी नगर निकायों और सरकारी विभागों का दौरा करने का निर्णय लिया है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सफाई व्यवस्था का जमीनी स्तर पर निरीक्षण करना है। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर न रहे, बल्कि जमीन पर भी असर दिखाए। श्री नरेश करसे ने चेतावनी दी है कि निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की कोई भी समस्या सामने आती है या उनके अधिकारों का हनन पाया जाता है, तो संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सफाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### प्रवेश की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

**मोहला।** प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो गई हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 6 तक है। आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि सुधार की अवधि 18 से 21 अप्रैल तक निर्धारित है। जिला स्तर पर दस्तावेज परीक्षण 22 से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रवेश पत्र एक से नौ मई तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा 10 मई को आयोजित होगी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन 7 बजे से

**मोहला।** बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। आदेश अनुसार एक अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन समय 6 घंटे को घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र प्रातः 7 से 11 बजे तक संचालित होंगे। ग्रीष्मकाल समाप्त होने के पश्चात एक जुलाई से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन पूर्व निर्धारित प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक किया जाएगा।

### सड़कों को लेकर आंदोलन करेगी कांग्रेस



**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि आंदोलन करने की तैयारी में है। हाल ही में डोंगरगढ़ से ढारा तक सडक निर्माण किया गया है जिसमें बरती गई अनियमितता चर्चा का विशय बनी हुई है। निर्माण पूर्ण होने के पूर्व अधिकारियों ने 6.50 करोड का भुगतान भी कर दिया है। इस 14 किमी लंबी सड़क पहले ही अच्छी स्थिति में थी। पिछले पांच साल में मरम्मत के नाम से बड़ी रकम खर्च किया गया है। वर्ष 2023-24 में 25 से 30 लाख मरम्मत के नाम से खर्च किया गया है। हाल ही में डोंगरगढ़, नागतराई, चिचोला, मोहारा, कसारी, मुसरा, बेलगांव मार्ग की मरम्मत कराया गया है। इसी प्रकार कल्याणपुर सडक निर्माण के अधुरे रहने पर भी पुरा भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार लाल बहादुर नगर से नारायणगढ तक निर्माणधीन सड़क गड़बडी को लेकर चर्चा में है।

### वनाग्नि रोकने का प्रयास



**डोंगरगढ़।** वन परिक्षेत्र दक्षिण बोरतलाव अंतर्गत वनाग्नि की रोकथाम हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य में वन सुरक्षा श्रमिकों एवं अग्नि प्रहरियों के साथ वन रक्षक, परिक्षेत्र सहायक, वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा उपवनमंडल अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में परिक्षेत्र स्तर पर फायर ब्लोअर एवं फायर बीटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न वन कक्षों में फायर हट का निर्माण कराया गया है, जिससे आग लगने की स्थिति में तत्काल आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सके। परिक्षेत्र स्तर पर फायर कंट्रोल सेल का गठन किया गया है तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान व्हाट्सऐप समूह बनाया गया है। आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर, बैनर, चित्रकारी एवं दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।

### विधायक ने की पूजा-अर्चना

**डोंगरगढ़।** ग्राम बखत रेंगाकठेरा में भागवत वर्मा के यहाँ ज्योति कलश स्थापना की गई है। नवरात्र के मौके पर आयोजित पूजा अर्चना में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई।

### एलबी नगर में भागवत कथा 31 से

**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में 31 मार्च से 8 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक कथा का वाचन होगा। आयोजन स्थल को आकर्षक तरीके सजाया जा रहा है। आयोजक घासीराम साहू, पूर्व विधायक खेदूराम साहू एवं गन्नूराम साहू सहित अन्य तैयारियों में जुटे हैं। आयोजकों ने अंचल के लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

### दुकानों के निर्माण से दायरा हो रहा छोटा

# पुष्प वाटिका पर संकट के बादल

## पेड़ों की कटाई पर लोगों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के हृदय स्थल में स्थित पुष्प वाटिका अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी ताम्रकार के कार्यकाल में लगभग 9 लाख की लागत से 100 डिसमिल क्षेत्र में विकसित यह उद्यान बच्चों के खेलकूद और आम नागरिकों के सुकून का मुख्य केंद्र हुआ करता था जो आज बदहाली और दुकानों के विस्तार के बीच सिसक रहा है। ताजा घटनाक्रम में वाटिका की सीमा के भीतर शुरू हुए निर्माण कार्य ने शहर के प्रबुद्ध जनों और पर्यावरण प्रेमियों के बीच गहरा रोष पैदा कर दिया है। चर्चा है कि गार्डन की भूमि का उपयोग सामने स्थित दुकानों के आकार को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक संपत्ति के क्षेत्रफल में कमी आने की आशंका प्रबल हो गई है।

पुष्प वाटिका के सामने स्थित दुकानों के विस्तार को लेकर नगर में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। जानकारों का तर्क है कि नियमानुसार नगर पंचायत परिषद पुरानी दुकानों की मरम्मत अथवा रखरखाव का निर्णय तो अपने स्तर पर ले सकती है, लेकिन यदि दुकानों के मूल नक्शे या पूर्व निर्धारित आकार में कोई भी बड़ा परिवर्तन करना हो, तो इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि क्या केवल सीपेज की शिकायत और मरम्मत के नाम पर सार्वजनिक उद्यान की बेशकीमती जमीन का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है? वर्तमान में गार्डन की बाउंड्री के भीतर बड़ी मात्रा में रेत, गिट्टी और छड़ का भंडारण किया गया है और गहरी खुदाई किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर गार्डन के मूल स्वरूप को प्रभावित कर रहा है।



### मना किया था

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन राम देवांगन ने बताया कि उनके अध्यक्ष रहने के दौरान दुकानदारोंने छत से पानी टपकने की शिकायत की थी। उन्होंने मरम्मत की अनुमति देने की बात कही थी। दुकानों का साइज बढ़ाने की मांग पर उन्होंने साफ मना कर दिया था। कारण यह था कि दुकानों के ठीक पीछे पुष्प वाटिका है। दुकानों का आकार बढ़ाने से वाटिका की सुंदरता प्रभावित होती और पेड़ों को काटना पड़ता जो सही नहीं था।

### पर्यावरण की अनदेखी

इस प्रकरण में पर्यावरण की अनदेखी का मामला भी सामने आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि दुकानों के ठीक पीछे स्थित घने पेड़ों को कथित रूप से बीमारी फैलाने वाला बताकर काट दिया गया है। शहर के बुद्धिजीवियों ने प्रशासन की इस दलील पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि यदि यह पौधे वाकई स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे, तो क्या पूरे नगर में मौजूद इस प्रजाति के सभी पौधों को हटाया जाएगा? या फिर यह केवल दुकानों के पीछे दीवार खड़ी करने के लिए रास्ता साफ करने की एक सोची-समझी रणनीति है? पेड़ों की कटाई के तत्काल बाद निर्माण शुरू हो जाना कई संदेहों को जन्म देता है।

### परिषद ने किया तय

अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। दुकानदारों ने दुकानों में सीपेज होने और व्यापार प्रभावित होने की शिकायत किया था। जिस पर परिषद ने निर्णय लिया कि दुकानों के छत को तोड़ कर विधिसंगत कार्यवाही सुनिशित करते हुए कार्यादेश जारी हुआ है। छत पुर्ननिर्माण की स्वीकृति नगर पंचायत परिषद ने दिया है। पुनर्निर्माण होने से निकाय के राजस्व के आय में वृद्धि होगी और पुनः अनुबंध किया जायेगा। कोनोकारपस के पौधों को दुकानदारों की शिकायत के बाद हटाया गया है।

# सामाजिकजनों ने की मां कर्मा की पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के अधीन आने वाले करियाटोला वार्ड में साहू समाज ने कर्मा जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया। इस दौरान समाजिकजनों ने श्रद्धा के साथ मां कर्मा की पूजा अर्चना किया।

कार्यक्रम में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू, विधायक दलेश्वर साहू एवं अंजू त्रिपाठी शामिल हुई। अध्यक्षता जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू ने की। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष शिवराम साहू, नगर अध्यक्ष कौशल साहू, पार्षद लीलाराम मंडलोई, गुलशन हिरवानी भी शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने मां कर्मा के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। सभी ने समाजिक एकता और विकास पर जोर दिया गया।

इस दौरान शोभराय साहू, कमल साहू, लोकेश साहू, संपत साहू, हीरालाल साहू, खेमिन साहू, दुर्गाबाई साहू, देवलाल साहू, हरिशंकर साहू, भरत साहू, गणपत साहू, गंगू साहू, नवीन साहू, जगदीश साहू, डकेश साहू, महेंद्र साहू, भीखम साहू, चंदू साहू, संगम साहू, मनीष साहू, पूनम साहू, भीषम साहू आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं के बिना समाज का विकास संभव नहीं : संजय



छुरिया। ग्राम बम्हनी चारभांठा में झेरिया यादव समाज ने सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। कार्यक्रम में उभेराम मंडावी, शत्रुहन यादव, रितेश यादव, कुंदन बडोले शामिल हुए। अतिथियों का राऊत नाचा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकता, पहचान और सामाजिक शक्ति का प्रतीक है। यादव समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संस्कार को मजबूत करने पर जोर दिया। महिलाओं को समाज की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनके बिना समाज की कल्पना अधूरी है। सभी महिलाओं सम्मान देते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास करें तभी समाज विकसित होगा।

# ग्रामीण सड़कों को मरम्मत की दरकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीण सड़कों की लंबे समय से मरम्मत नहीं होने से जर्जर हो गई है। पुल पुलियों की स्थिति भी बदत्तर हो गई है जिसके चलते राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बेलगांव से संड़ी, संड़ी से नवापारा तथा पंडरिया की हालत काफी खराब है जिस पर सायकल चलाना भी दुभर हो गया है। नवापारा के पूर्व सरपंच गोरेलाल जंघेल ने बताया कि बेलगांव संड़ी को जोड़ने वाला मार्ग लम्बे समय से खराब है। सड़क पर गड्डे ही गड्डे नजर आते हैं। विभाग से सड़क मरमत की मांग किया जा रहा है परन्तु विभाग सुध ही नहीं ले रहा है। संड़ी के सरपंच कैलाश वर्मा ने बताया कि संड़ी से होकर गुजरने वाले तीनो मार्ग बेलगांव, पंडरिया नवापारा में मरम्मत की दरकार है। पुलियों की स्थिति भी खराब है। गांव से गांव जोड़ने के लिए सड़कें तो बना दिया गया है पर उसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### सड़क पर गड्डे

संड़ी से पंडरिया पहुंच मार्ग बीते पांच साल से जर्जर स्थिति में है। इस मार्ग पर हिचकोले ही हिचकोले खाते राहगीरो को गुजरना पड़ता है।इस क्षेत्र के ग्रामीण लगातार सड़क जीर्णोधार की मांग कर रहें हैं। पर पांच साल बीत जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सका है। नतीजन मार्ग में पक्की सड़क ही नजर नहीं आ रही है। करीब दो किलीमीटर तक उबड खाबड़ और गड्डे ही गड्डे नजर आ रहा है। मार्ग खराब होने से किसान, स्कूली छात्र, व्यपारी, व्यवसायी और राहगीरों को रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषकों को बताया सड़क खराब होने से उपज को खेत से लाने तथा विक्रय के लिऐ ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार स्कूली छात्रों को भी उबड खाबड़ मार्ग में साइकिल से स्कूल पहुंचने में रोज परेशानी झेलना पड़ता है। ग्रामीणो ने कई दफा विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मार्ग को दुरूस्त करने की मांग कर चुके हैं। पर समस्या आश्वासन तक ही सिमट कर रह गया है। ग्रामीण नई सड़क की मांग कर रहे हैं।

# हवन के बाद ज्योति कलशों का विसर्जन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में गुरूवार को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी मनाया गया। नवरात्र पर्व के आठवें दिन देवी दरबार एवं घरों में विराजित जोत ज्वारा स्थल पर अनुष्ठान किया गया। नर्मदा मंदिर, सिद्ध बाबा, बंजारी, शीतला, चोरड़ाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर में महाष्टमी पर हवन पूजन का आयोजन रखा गया था जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। तत्पश्चात महाआरती कर कन्या भोज कराया गया। नौ कन्या की पूजा कर व्यंजन खिलाकर उपहार दिया गया। पर्व की अंतिम कड़ी में कल शुक्रवार को ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा। शुक्रवार के सुबह से जोत विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। नर्मदा मंदिर में शाम को ज्योति कलश विसर्जित किया जाएगा। ज्योति कक्ष से पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं जस गीत के साथ शोभायात्रा निकाला जाएगा।



### मंत्रोच्चार के साथ हवन

डोंगरगढ़। मां बम्लेश्वरी के दरबार में विधिवत अष्टमी हवन किया गया। प्रातः 6 बजे से हवन के तैयारी शुरू हो गई थी। करीब 11 बजे तक आचार्य और पंडितो ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। अष्टमी हवन के साथ ही माता के दरबार में सात दिन तक चढ़ावा वाले नारियल आज से बघारना शुरू किया गया। मान्यता के अनुसार माता के दरबार में नारियल को फोड कर प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। उपर मंदिर के हवन होने के बाद नीचे मंदिर में होने वाले हवन की तैयारी शुरू हो गई थी। कल शाम 7 बजे से देर रात तक शोभायात्रा के साथ मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा।



### गायत्री मंदिर में 5 कुंडीय महायज्ञ आज

डोंगरगांव। स्थानीय गायत्री मंदिर में साधना, अनुष्ठान का समापन कल नवमी 27 मार्च को होगा। इस दौरान सुबह 9 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। मंदिर के मुख्य प्रबंध बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिवस परिजनों व साधकों ने संकल्प ज्योति कलश की स्थापना की थी। कईयों ने विभिन्न साधना अनुष्ठान का संकल्प लिया। साधना और अनुष्ठानों का समापन नवमी को होगा। इस अवसर पर सुबह पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार के अलावा महाप्रसादी वितरण होगा। समस्त कार्यक्रमों में गायत्री परिजनों तथा नगरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।






# लोक मंडई में बिखरेंगे छत्तीसगढ़ी कला के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



बहुप्रतीक्षित लोक मंडई का आयोजन इस बार ब्लाक के अधीन आने ग्राम तुमडीबोड में आगामी 29 मार्च से रखा गया है। तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के नामी कलाकार शिरकत करेंगे। इसके अलावा करीब 150 से अधिक सहयोगी कलाकार भी हिस्सा लेकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि कोई 26 साल पहले लोक मंडई की शुरुवात मौजूदा विधायक दलेश्वर साहू के गृह ग्राम आलीवारा से हुई थी। अब तक जिले के विभिन्न स्थानों पर इसका आयोजन हो चुका है। इसी कड़ी में आगामी 29 से 31 मार्च तक लोक मंडई का आयोजन नेशनल हाईवे पर स्थित ब्लाक के प्रमुख ग्राम तुमडीबोड़ में रखा गया है।लोक मंडई लोक मंडल आयोजन समिति के सदस्य और व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि इस आयोजन तीन दिनों तक ख्याति प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

### पहले दिन तरूणा प्रस्तुत करेगी पंडवानी

जानकारी के अनुसार पहले दिन 29 मार्च को पंडवानी गायिका तरुणा साहू, रिंकी देवांगन, दुष्यंत हरमुख, आरू साहू, सोहिल रंगारी, जस सम्राट दुकालू यादव, शेख अमीन, छाया चंद्राकर, शैलेश साव, कन्हैया साहू, सुबोध पटेल की प्रस्तुति होगी। अतिथि कलाकार अनुज शर्मा होंगे। इसी क्रम में 30 मार्च को पंथी नृत्य एवं गायन नाथू नवागांव, राजेश सिन्हा, कंचन जोशी, पंडित विवेक शर्मा, हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, चंपा निषाद, सुनील सोनी, कॉमेडी कचरा बोदरा उर्वशी साहू, उपासना वैष्णव का कार्यक्रम होगा।

### गूंजेंगे हिमानी के स्वर

उन्होंने बताया कि अंतिम दिवस 31 मार्च को हिमानी वासनिक का भरथरी गायन, सुनील सिहोरे, मिथलेश्वरी सेन, दिनेश वर्मा, खिलेश यादव, संजय सुरीला, शशि लता, अनुराग शर्मा, एवं अलका चंद्राकर परगनिया आदि कलाकारो की प्रस्तुति होगी।

### मंच पर दिखेगा जगन्नाथ मंदिर

जानकारी के अनुसार मंच पर पुरी के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति दर्शकों को देखने मिलेगी, जिसे पश्चिम बंगाल और असम से आए कलाकार अंतिम रूप दे रहे हैं। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने व्यापक तैयारियां की जा रही है। भव्य मंच के साथ वाहनों की पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थस्की जा रही है। गौरतलब है कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिला पुरूष शामिल होते हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम 4 से

अंजोरा। ग्राम भोथली में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आगामी 4 से छह अप्रैल तक कार्यक्रम रखा गया है। पहले दिन 3 बजे कलश यात्रा निकाला जाएगा। पांच बजे से श्री राम कथा का वाचन होगा। इसी प्रकार द्वितीय दिवस सुबह 10 बजे वेद पूजा, सुबह 11 से एक बजे तक श्री राम कथा, दो से तीन बजे तक परिचय सम्मेलन , सम्मान, 3 से 5 बजे तक श्री राम कथा होगी। तीसरे दिन सुबह 10 से 11 बजे तक वेद पूजा, सुबह 11 से एक बजे तक श्री राम कथा, दो से तीन बजे तक सम्मान समारोह और तीन से पांच बजे तक श्री राम कथा के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा। संयोजक सुरेश साहू ने बताया कि वर्षों बाद इस प्रकार हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन क्षेत्र में हो रहा है। कार्यक्रम में 25 से 30 गांव के ग्रामीण शामिल होंगे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हिंदू जागरण मंच के भोला बने नगर सह-संयोजक




**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच ने नगर स्तर पर संगठनात्मक मजबूती और विस्तार के लिए अहम नियुक्तियां की है। संगठन ने भोला यादव को नगर सह-संयोजक और रितेश साहू को नगर युवा आयाम प्रमुख नियुक्त किया है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति और मार्गदर्शन में की गई इन नियुक्तियों में कहा गया कि दोनों कार्यकर्ता लंबे समय से संगठन से जुड़े हैं और सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और समर्पण को देखते यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त नगर सह-संयोजक भोला यादव ने कहा कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने पूरी निष्ठा से काम करेंगे। वहीं युवा आयाम प्रमुख रितेश साहू ने युवाओं को संगठन से जोड़कर राष्ट्र और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

### हाईवे में बाइक ने ठोंका, एक की मौत

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे इंदामरा के पास आज सुबह लापरवाही से बाइक चला रहे चालक ने दो बाइक को एक के बाद एक ठोकर मार दिया। इस घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार घायल है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह लगभग साढे 10 बजे इंदामरा फैक्ट्री के पास नेशनल हाईवे में एक बाइक सवार ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते एक के बाद एक दो बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। पुलिस के मुताबिक इस घटना में एक बाइक सवार असलम परवाज खान 44 वर्ष कवर्धा निवासी को गंभीर चोंटे आई थी। जिसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे बाइक में सवार मिथलेस कुमार साहू 28 वर्ष बिजनापुर निवासी को गंभीर चोंटे आई है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### वाद-विवाद, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शिकायत को वापस लेने की बात पर वाद-विवाद कर मारपीट पर उतारू होने की सूचना पर पुलिस ने एक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 मार्च को अनावेदक बिरेन्द्र साहू 35 साल पता ग्राम बेलरगोंदी द्वारा आवेदक अहिल्या साहू द्वारा किए गए शिकायत रिपोर्ट को वापस लेने व रिपोर्ट वापस नहीं लेने की बात को लेकर मौके पर ही वाद-विवाद व मारपीट करने पर उतारू हो जाने से शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया को पेश कर जेल भेजा गया।

### मोपेड में शराब ले जाते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से बिक्री करने हेतु मोपेड में शराब रखकर ले जाने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिससे 50 पाव देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मार्च को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुरमुंदा से ग्राम मेढ़ा जाने वाले मार्ग के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी देवानंद वर्मा उर्फ देवा को मोपेड सहित पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं टीवीएस जूपिटर जब्त किया गया।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**खैरागढ़।** जांच अभियान के दौरान जिला पुलिस केसीजी द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक जिला पुलिस केसीजी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमे कुल 11 शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर न्यायालय द्वारा 1,35,000 रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला पुलिस केसीजी व्यापक स्तर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों पर मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई के लिए 6 प्रकरण में संबंधित परिवहन विभाग को भेजी गई है।

### नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर भगाकर ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 24 मार्च को शासकीय जिला अस्पताल के अस्पताली मेमो से सूचना प्राप्त हुआ कि एक नाबालिग पीड़िता उम्र 17 वर्ष की जो ढाई माह की गर्भवती है। जिसका पेट दर्द से ईलाज हेतु भर्ती हुई है।

मेमो जांच के दौरान पीड़िता की मां द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र दिया। जिसमें आरोपी कमल जनबंधु द्वारा उसकी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर उसके साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया। जिससे उसकी लड़की ढाई माह की गर्भवती हो गई है, की शिकायत पर धारा 137(2), 64 बीएनएस 4 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार सायबर टीम के सहयोग से लालबाग पुलिस द्वारा मामले में विवेचना त्वरित कार्रवाई करते आरोपी कमल जनबंधु 19 साल निवासी ग्राम जैतगुडरा मंदिर चौक के पास पुलिस चौकी जोब का पता तलाश कर पकड़ा गया, जिसे पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 26 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज से

**राजनांदगांव।** महावीर जनकल्यांक महोत्सव का आयोजन कल 27 मार्च से शुरू हो रहा है। पांच दिवसीय इस आयोजन के लिए सकल श्री जैन संघ के अध्यक्ष विनय डड्ढा, उपाध्यक्ष अशोक झांझरी, सचिव अजय सिंगी एवं कोषाध्यक्ष खुशालचंद पारख की उपस्तिथि में गत दिवस हुई एक बैठक में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मिश्रीलाल गोलछा को संयोजक, विजय कांकरिया को सह-संयोजक, नरेश बैद को उपाध्यक्ष, गौतम बाफना को सचिव, अतिन जैन को सहसचिव और सीए ऋषभ नाहटा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। आयोजन समिति ने इस अवसर पर सभी सुधार्मिक बंधुओ से सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।



### रामानंद का निधन

**डोंगरगढ़।** रानी सती राइस मिल के संस्थापक, अग्रवाल समाज पचेरीवाला दानदाता खानदान के वरिष्ठ रामानंद पचेरी वाले का गुरूवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार कल 27 मार्च को छीरपानी मुक्तिधाम में प्रातः 11 बजे किया जाएगा।

पेज 13 का शेष

### इलाज के दौरान ड्राइवर ...

भारत ट्रैवल्स की दूसरी हल्टिंग बस में सुला दिया गया। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने बाद में 9.45 बजे फिर बस स्टैंड पहुंचकर सो रहे कमलेश को बस से जबर्दस्ती उठाया और आगे बाजार चौक स्थित राजपूत ट्रांसपोर्ट के सामने स्कूटी से ले गए। यहां कमलेश की बर्बरता से पिटाई की गई। बताया गया कि आरोपियों ने बेल्ट और डंडों से इतना पीटा कि उसके शरीर पर अंदरूनी बेहद गंभीर चोंटे पहुंची थी। यह पूरी वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद हुई है।

---

सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मुखर हुए पंचगण

# ग्राम सोमनी सरपंच पर भ्रष्टाचार का आरोप, पद से हटाने पंचगण एकजुट

## दो बार तिथि मिलने के बाद भी नहीं हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मामले को लेकर आज उपसरपंच और अन्य पंच गणों द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते सरपंच पर भ्रष्टाचार और मनमानी का आरोप लगाया गया।

प्रेस कान्फ्रेंस में पहुंचे पंचों ने बताया कि बीते 11 मार्च को उन्होंने सरपंच श्रीमती नीलिमा साहू के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया था। 12 मार्च को सिगनेचर वेरीफिकेशन हुआ, फिर उक्त आवेदन को स्वीकार करते अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मतदान के लिए 20 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी। 20 मार्च को सभी पंच निर्धारित समय पर ग्राम पंचायत सोमनी पहुंचे, किंतु वहां पहुंचने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि बैठक की तिथि को बढ़ाकर 25 मार्च कर दिया गया है। जारी आदेश में तिथि परिवर्तन का कोई स्पष्ट कारण उल्लेखित नहीं था और इसकी सूचना भी पूर्व में किसी पंच को नहीं दी गई। पंचों ने आरोप लगाया कि पंचायतीराज अधिनियम के अनुसार एक बार तिथि घोषित हो जाने के बाद उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता है, सिवाय विशेष परिस्थितियों के जैसे कानून-व्यवस्था की स्थिति, प्रशासनिक बाधा अथवा अन्य आपात कारण। ऐसी कोई परिस्थिति न होने के बावजूद तिथि परिवर्तन किया जाना संदेहास्पद प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि 25 मार्च को पुनः निर्धारित तिथि पर जब वे पंचायत पहुंचे, तब भी मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु कोई जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं था। नियुक्त पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के बावजूद किसी वैकल्पिक अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई और न ही इसकी पूर्व सूचना पंचों को दी गई। इस स्थिति के कारण ग्राम में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हो गया, तब सरपंच समर्थकों एवं पंचों के समर्थकों के बीच विवाद और हाथापाई की स्थिति उत्पन्न हुई।




### भ्रष्टाचार का आरोप

पंचों ने सरपंच पर आरोप लगाया कि वे पंचायत कार्यों में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाती है तथा पंचों को विश्वास में लेकर कार्य नहीं करती है। उपसरपंच विजय सिंह राजपूत ने कहा कि सरपंच द्वारा अपनी मनमानी की जाती है । वहीं उन्होंने कहा कि स्कूल मैदान में 6 ट्रिप मुरूम डाला गया, करके साइन कराया गया, लेकिन स्कूल मैदान में एक ट्रिप भी मुरूम नहीं डाला गया और 23 हजार रुपए राशि गबन कर ली गई।

### जानकारी नहीं देने का आरोप

पंचगणों ने सरपंच पर आरोप लगाया कि निर्माण समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को निर्माण कार्यों से संबंधित किसी भी निर्णय या कार्य में न तो शामिल किया जाता है और न ही उन्हें जानकारी दी जाती है। इसके विपरीत सरपंच द्वारा अपने पति को इन कार्यों में शामिल कर निर्माण कार्यों का संचालन कराया जा रहा है। जिससे पंचों में असंतोष व्याप्त है। भाजपा बूथ अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि सरपंच पति द्वारा बुधवार को असामाजिक तत्वों को शराब पिलाकर फसाद कराया गया।

### 16 पंच एकजुट

पंचों ने कहा कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सरपंच को पद से हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और किसी भी प्रकार के दबाव या राजनीतिक हस्तक्षेप से पीछे नहीं हटेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि हम सरपंच को हटाना चाहते हैं। 20 पंचों में से एक पंच का देहांत हो गया है और 16 पंच सरपंच को हटाने के लिए एकजुट है। प्रेसवार्ता में उपसरपंच विजय सिंह राजपूत एवं सभी पंच संतोष यादव, गजेंद्र बंजारे, प्रतापसिंह नागवंशी, विजय बघेल, रोशन निषाद, भुवन खंडेलवाल, बरखा यादव, कुन्ती खूंटे, केशरी डहेरिया, रेनू गोस्वामी, अनीता साहू, रेखा विश्वकर्मा एवं तीजनबाई निषाद उपस्थित थी।

### अविश्वास प्रस्ताव पंचों का सामूहिक निर्णय

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख के साथ भी कुछ लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार एवं धक्का-मुक्की करने का मामला सामने आया। प्रेसवार्ता में पंचों ने स्पष्ट किया कि अंगेश्वर देशमुख की इस प्रकरण में संलिप्तता के आरोप बेबुनियाद एवं निराधार है तथा उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव सभी पंचों द्वारा सामूहिक रूप से लाया गया निर्णय है।

---

## श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया रामोत्सव

**राजनांदगांव।** जूनीहटरी स्थित श्रीराम मंदिर में गुरुवार को रामोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति दुर्गावाहिनी राजनांदगांव द्वारा शहर के विभिन्न प्रखंडों एवं सभी वार्डों में रामोत्सव मनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे धर्मप्रेमी नागरिकों का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार यह आयोजन 19 मार्च हिंदू नववर्ष से प्रारंभ होकर 2 अप्रैल हनुमान जयंती तक चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की राष्ट्रीय स्तर की बैठक में तय कार्ययोजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान रामदरबार के छायाचित्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सनातन धर्म के अनुयायियों को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दिया जा रहा है।

इस अवसर पर विहिप के विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, जिला मंत्री त्रिगुण सदानी, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष योगेश मुदलियार, जिला सत्संग प्रमुख चंद्रेश जैन, नगर उपाध्यक्ष अरविंद साहू, राजू वर्मा, नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल, जिला महाविद्यालयीन प्रमुख गगन साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शर्मा, राहुल ताम्रकार, सारंग ताम्रकार, नगर कार्यकारिणी सदस्य आशीष श्रीवास एवं कपिल चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रसादी वितरण

इसके अतिरिक्त जूनीहटरी क्षेत्र के राजू मथुरिया, भावेश मिश्रा, पप्पू मथुरिया, गोपाल बाजपेई, सुशील बाजपेई, बादल कसार, सुमीत चौरसिया, रितेश बैगने सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाए

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अरूण गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

---

## दर्शनार्थियों से वाद-विवाद तीन के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों से वाद-विवाद करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 मार्च को आरोपी इतवारी, विष्णु एवं निकेतन द्वारा अलग-अलग स्थानों पर डोंगरगढ़ में मेला देखने आए दर्शनार्थियों के साथ वाद-विवाद, हल्ला-गुल्ला एवं मारपीट करने की स्थिति उत्पन्न करने की सूचना प्राप्त हुई।

### समझाने पर नहीं माने

सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां आरोपी शांतिभंग करते पाए गए। समझाने पर भी नहीं मानने के कारण शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तीनों आरोपियों इतवारी 35 वर्ष निवासी पथराटोला ग्राम गाजमर्रा, विष्णु 25 वर्ष निवासी पथराटोला ग्राम गाजमर्रा एवं निकेतन 26 वर्ष निवासी कालकापारा के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय डोंगरगढ़ में प्रस्तुत किया गया।

### अवैध गतिविधियों पर नजर

डोंगरगढ़ क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार गश्त, पेट्रोलिंग, नाकाबंदी एवं होटल ढाबों की जांच कर अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। अवैध गतिविधि पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

---

## मॉडिफाइड साइलेंसर एवं काले शीशे लगे वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान बुलेट मोटर साइकिल में मॉडिफाइड (पटाखा जैसी तेज आवाज करने वाले) साइलेंसर का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182(4) के तहत 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

इसी प्रकार 2 चारपहिया वाहनों (कार) में काले शीशे (ब्लैक फिल्म) लगे पाए जाने पर मौके पर ही फिल्म हटवाते मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के तहत कार्रवाई कर 4000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

साथ ही सड़क पर चलने वाली साइकिलों में रेडियम स्टीकर लगाए गए। जिससे वे रात्रि के समय अन्य वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

---

## राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के पीएम-उषा सेल द्वारा 12 से 19 मार्च तक 7 दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों को अनुसंधान के सिद्धांतों, पद्धतियों, तकनीकों एवं व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था, ताकि वे उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान कार्य कर सकें। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि अनुसंधान केवल शैक्षणिक आवश्यकता नहीं, बल्कि समाज के विकास का सशक्त माध्यम है। डॉ. संजय थिस्के ने अनुसंधान पद्धति की मूलभूत अवधारणाओं को अत्यंत सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

द्वितीय दिवस डॉ. आशीष झा ने अनुसंधान डिज़ाइन के विभिन्न प्रकारों को विस्तार से समझाया। डॉ. अलका मिश्रा ने साहित्य समीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। तृतीय दिवस डॉ. गुणवंत गाडेकर ने प्लेगरिज़्म के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। चिरंजीव पांडेय ने डिजिटल टूल्स के उपयोग पर व्यवहारिक जानकारी दी। चतुर्थ दिवस डॉ. सत्यम कुम्भाकर ने डेटा संग्रहण की विधियों को विस्तार से समझाया। संजीव शर्मा ने गुणात्मक डेटा विश्लेषण पर प्रकाश डाला।

पंचम दिवस डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा ने शोध पत्र लेखन की संरचना एवं सिटेशन शैली पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. माजिद अली ने प्रकाशन नैतिकता एवं जर्नल चयन के महत्व को स्पष्ट किया। षष्ठम दिवस डॉ. गंगेश्वर ने आधुनिक शोध प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय मिश्रा ने शोध परियोजना लेखन, फंडिंग एजेंसियों एवं बजट निर्माण पर विस्तृत जानकारी दी। सप्तम दिवस डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने प्रभावी प्रस्तुतीकरण कौशल, पीपीटी निर्माण एवं वैज्ञानिक संप्रेषण के महत्व को समझाया।

---

## पंजीकृत श्रमिकों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य शासन के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अब डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में दिया जा रहा है और इसका वास्तविक लाभ पात्र श्रमिकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने ई-केवाईसी प्रक्रिया लागू कर स्पष्ट किया गया है कि पंजीकृत सभी निर्माण व असंगठित क्षेत्र के श्रमिक अपने पंजीयन का ई-केवाईसी पूरा करा ले। गौरतलब है कि वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड डाटा का श्रमिक पंजीयन डाटा से मिलान किया जा रहा है ताकि हितग्राहियों की पहचान की पुष्टि की जा सकें। सत्यापन की यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से संचालित हो रही है। जिन श्रमिकों के आधार व राशन कार्ड विवरण में समानता पाई जाएगी उनका प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन किया जाएगा। वहीं जिन मामलों में नाम या अन्य विवरण में आंशिक भिन्नता पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कर आवश्यक सुधार किया जाएगा। वर्तमान में जिले में कुल 6435 श्रमिकों का ई-केवाईसी किया जाना शेष है। श्रम पदाधिकारी उज्जवल भोई ने पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि जिन श्रमिकों के मोबाइल पर आधार व श्रम कार्ड डाटा में असमानता संबंधी संदेश मिला है, वे कलेक्टोरेट कार्यालय मे आधार कार्ड की मूल प्रति दिखाकर निशुल्क ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरा करा सकते है।

---

### एनएसएस विशेष शिविर का सफल आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पार्रीकला में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता लाना एवं विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित करना था। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा गांव में स्वच्छता रैली एवं विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए गए। विद्यार्थियों ने नारों और पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पार्रीकला में योग, प्रभातफेरी एवं खेलकूद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों को स्वस्थ रहने एवं फिट रहने के उपाय बताए तथा उन्हें योग एवं खेलों के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. रचना पांडे, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, सरपंच कामिनी अंबेलकर, अरुण अंबेलकर सहित पंचगण, मितानिन, उप सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विजय मानिकपुरी एवं प्रीति इंदौरकर के मार्गदर्शन में किया गया।

---

6 दिवसीय समारोह में उमड़ेंगे क्षेत्र के श्रद्धालु


# मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

दनिया, अतरिया, उदयपुर, हनईन क्षेत्र इन दिनों भक्ति, ऊर्जा और जनजागरण में डूबा हुआ है। ज्ञात हो कि किसान अधिकार संघर्ष समिति विचारपुर पंडरिया मैदान में हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है जिसका प्राण प्रतिष्ठा अगामी 2 अप्रैल को किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 6 दिन चलेगा। कल शुक्रवार से चार दिवसीय शोभायात्रा निकाला जाएगा। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 28 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का शुभारंभ 28 मार्च को विचारपुर से शोभायात्रा के साथ होगा। आगामी 31 मार्च तक विभिन्न गांवों से होते हुए गंडई नगर पंचायत पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में 55 से अधिक गांवों के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह स्वागत, जलपान और विश्राम की व्यवस्था की जा रही है।

### अखंड राम नाम जाप

समिति के सुधीर गोलछा ने बताया कि 1 अप्रैल सुबह 9 बजे से 2 अप्रैल सुबह 9 बजे तक मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड राम नाम जाप आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु निरंतर भजन-कीर्तन करेंगे। सभी के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है।



### आस्था के साथ संघर्ष की हुंकार

यह महोत्सव किसानों के हक की आवाज को भी नई मजबूती देगा। क्षेत्र में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना और सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में चल रहा आंदोलन इस आयोजन के माध्यम से और संगठित रूप में सामने आया है। महोत्सव के दौरान किसान महापंचायत का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें किसान अपने अधिकारों और भविष्य की दिशा पर महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे पंडरिया हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जो किसान हनुमान दक्षिणमुखी संकटमोचन मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद विधिवत रूप से भगवान श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा और मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा। इस आयोजन की एक और विशेषता यह है कि खैरागढ़ जिले के सभी समाजों के अध्यक्षों एवं प्रमुखों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की मांग

आयोजकों ने प्रशासन से अपील की है कि इस विशाल आयोजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में इस ऐतिहासिक महोत्सव का हिस्सा बन सकें। जहां एक ओर भगवान श्री हनुमान की भक्ति लोगों को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करेगी, वहीं दूसरी ओर 55 गांवों की एकजुटता किसानों के अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा और मजबूती देगी।

---

## नाबालिग को फुसलाकर भगाने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** नाबालिग बालिका को अपने साथ बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में डोंगरगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मार्च को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी नाबालिग बहन 6 सितंबर 2025 को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। बाद में रिश्तेदारों से जानकारी प्राप्त हुई कि पीड़िता आरोपी शरद लाऊत्रे के साथ हैदराबाद में रह रही है।

2 फरवरी को पीड़िता द्वारा घर वापस आकर बताया गया कि आरोपी द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाया गया तथा हैदराबाद ले जाकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया गया। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 137(2), 64(2)(एम) बीएनएस एवं धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में पुलिस टीम गठित की गई। कार्रवाई की विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी शरद लाऊत्रे 20 वर्ष निवासी दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ को 25 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।


समस्त किसान भाईयों को
रामनवमी एवं
महावीर जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मजबूती ऐसी कि
हर काम आसान
इस नवरात्र में नए रेट के साथ
आज ही बुक करें !
5045 D 46 HP
JOHN DEERE
5050 D
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 7999705353 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

**खबर संक्षेप**

## युवा तहसील साहू संघ कुण्डा के अध्यक्ष बने लखन साहू



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ कबीरधाम के अध्यक्ष धरम साहू के मार्गदर्शन में एवं तहसील साहू संघ कुण्डा अध्यक्ष श्रवण साहू व वरिष्ठ जनों की सहमति से अध्यक्ष जिला साहू संघ युवा कृष्णा साहू ने अपने युवा जिला साहू संघ का विस्तार करते हुए लखन साहू ग्राम धनेली निवासी को तहसील साहू संघ युवा कुण्डा अध्यक्ष बनाया गया, जिससे कुण्डा तहसील सहित पूरे जिले के साहू समाज के युवा सहित कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। बताया जाता है कि लखन साहू पूर्व में तहसील कर्मा सेना अध्यक्ष और प्रदेश संयुक्त सचिव युवा प्रकोष्ठ छग रह चुके हैं। लखन साहू को युवा तहसील साहू संघ कुण्डा अध्यक्ष बनाएं जाने पर धर्मराज साहू, खिलेश्वर साहू, लालचंद साहू, घनश्याम साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू, लोकनाथ साहू, नरोत्तम साहू, योगेंद्र साहू, हरि साहू, धन्नू साहू, भगबली साहू, सुदर्शन साहू, श्रीमती भानुमती साहू सहित कार्यकर्ताओं ने लखन साहू को बधाई दी।

## शिवसेना के तत्वाधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा

**कवर्धा।** युवासेना एवं किसान सेना, महिला सेना, ऑटो सेना, कामगार सेना व प्रकाश वर्मा अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ उपप्रमुख कबीरधाम ने बताया कि 28 मार्च को रायपुर में विशाल रैली का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रत्येक जिले तथा रायपुर के विभिन्न वार्डो से शिवसैनिक भगवान श्रीरामचंद्र की झांकियों के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में दशरंगपुर क्षेत्र से प्रदीप केशरवानी, अनिल चंद्राकर बोड़ला क्षेत्र से भूखरुदास डहरिया लोहारा क्षेत्र में जगदीश साहू पंण्डरिया क्षेत्र से देवप्रसाद, तीरथराम साहू इत्यादि कार्यकर्तागण कबीरधाम जिले में कार्यक्रम प्रभारी बनाये गए है।

**न्यायालय तहसीलदार, बोड़ला**
**जिला - कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ 202601080200008/अ-21
(1) वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डंकेश्वर पिता चन्द्रप्रकाश गोंड़, जाति-गोंड़, निवासी ग्राम- खैरबनाकला, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम छ.ग. द्वारा अपने निजी स्वामीत्व की भूमि ग्राम-जेवडनकला, प.ह.नं. 39, तहसील-बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 41/3, 162, 163, रकबा 0.809, 0.024, 0.097 हे. कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.930 हे. भूमि को गैर आदिवासी श्री गौतम साहू पिता दामोदर साहू जाति तेली ग्राम-जेवडनकला तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम के पास विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष पेश किया गया है जो नियमानुसार जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 27.03.2026 तक दावा / आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांकः- 12.03.2026
पेशी दिनांकः- 27.03.2026

मुहर

तहसीलदार
बोड़ला

**समस्या :** शाम होते ही गली-मोहल्ले में पसर जाता है अंधेरा, ग्रामीण व राहगीर परेशान

# सिंघनपुरी के प्रमुख चौराहों पर लगे स्ट्रीट लाइट चार माह से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गली-मोहल्ले व चौक चौराहों को रौशन करने के उद्देश्य से शासन प्रशासन द्वारा लाखों रूपए खर्च कर सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाया गया, लेकिन देखरेख के अभाव में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट बंद व जर्जर हो चुकी है। वही जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिंघनपुरी में इन दिनों एक गंभीर समस्या ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। गांव के प्रमुख चौक चौराहों पर लगी सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट पिछले चार महीनों से बंद पड़ी हुई है, जिसके चलते रात के समय पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है। जिससे रहवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही साथ राहगीरों भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्राम सिंघनपुरी के मुख्य चौक-चौराहो में लगे सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट पिछले चार महिनों से बंद होने से शाम ढलते ही चौक-चौराहों में अंधेरा फैल जाता है। अंधेरे के कारण छोटी-बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।।



### जिम्मेदारों की भारी अनदेखी

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व संबंधित जिम्मेदार ठेकेदार तथा शासन प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अधिकारियों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामवासी दिलीप यादव, लोचन धुर्वे, राजेश पटेल, राजकुमार निर्मलकर, रतनू यादव सहित रहवासियों ने जल्द से जल्द सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि रहवासियों को सुविधा मिल सकें।

### शासन प्रशासन से उम्मीद

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में बड़ी घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि गांव की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक ग्रामीणों को इस अंधेरे से राहत मिल पाती है। फिलहाल ग्राम सिंघनपुरी के लोग जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे है।



## मां महामाया व मां शीतला मंदिर में आस्था के ज्योति-कलश प्रज्ज्वलित

- श्रद्धालुओं की दर्शन करने उमड़ रही है भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

चैत्र नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर ग्राम सिंघनपुरी में स्थित भक्तिन दाई, मां काली मंदिर में 80 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई हैं, वहीं आसपास क्षेत्र के भक्तजनों में आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्राम बरबसपुर, हरिनछपरा, नाऊडीह, राम्हेपुरकला व दौजरी के मां महामाया व मां शीतला मंदिर में क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना के ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं साथ ही जोत ज्वांरा फुलवारी सजाई गई है, जिससे क्षेत्र का वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन देवी-मंदिरों में सेवादारों द्वारा विधि-विधान पूजा अर्चना कर माता की सेवा में जुटे हुए है साथ ही साथ भक्तजनों द्वारा देर रात तक जस गीतों के गुंज पूरे क्षेत्र भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल में किड्स कैंप का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल में चार दिवसीस 26 से 29 मार्च तक किड्स कैंप का आयोजन किया जा रहा है। वहीं गुरूवार को किड्स कैंप के आरंभिक दिवस पर संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी गण, शाला प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में नन्हें-मुन्ने छात्र छात्राएं उपस्थित थें। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि इस किड्स कैंप में लगभग 300 छात्र छात्राओं हिस्सा लिया। जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल, विविध प्रकार की गतिविधियां, नृत्य और संगीत, चित्रकला, पैंटिंग, पप्पेट शॉ, पेपर क्राफ्ट, पूल पार्टी, रैन डांस, मूवी थिएटर, लिफ आर्ट तथा स्टोन आर्ट जैसी मनोरंजक गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का कार्य विद्यालय के कुशल प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है। शाला प्राचार्य मनोज कुमार राय ने कहा कि इस किड्स कैंप का एकमात्र उद्देश्य है, नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नई चीजों को सिखाना, जिससे उनकी प्रतिभा का सही सदुपयोग हो सके। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी गण ने इस कैंप के आयोजन के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की है कि इस कैंप से अवश्य ही नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा का विकास हो सकेगा।

## संभागीय सरस मेला में भोरमदेव ऑर्केस्ट्रा ग्रुप ने दी मनमोहक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के ह्दय स्थल सरदार पटेल मैदान कवर्धा में आयोजित संभागीय सरस मेला में महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों के लिए मील का पत्थर बन गया है। मेले में जैविक खाद्य पदार्थो दाल के विभिन्न प्रकार, अचार, पापड़, मिलेट बिस्किट्स, हर्बल फिनायल, साबुन, दोना पत्तल अगरबत्ती, हैंडलूम बिरनमाला, चूड़ी, कंगन जैसे अनेक वस्तुएं लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना, समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु स्टॉल लगाए गए हैं। स्टॉल में लगी सामग्रियां लोगों को बाजार मूल्य से कम दरो पर मिल रही है जिसे लोगों ने हाथों-हाथ लिया है। उल्लेखनीय है कि पॉपकॉर्न-चार्ट-गुपचुप, फल के स्टॉल एवं बच्चों के लिए लगाए गए ट्रम्पोलिन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया है। बड़ी संख्या में लोग मेला स्थल पहुंच कर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं को कम दर में प्राप्त कर लाभ ले रहे हैं। वहीं शहर के किशोर कुमार के नाम से पहचाने जाने वाले अन्नू श्रीवास्तव ने महान गायक किशोर कुमार के गीतों को अपनी आवाज में पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रदीप भलावे और स्वाति यादव ने मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के लोकप्रिय गीतों से समा बांधे रखा। ग्रुप के संचालक अन्नू श्रीवास्तव और प्रदीप भलावे ने बताया कि उनके पास पुराने सदाबहार गीतों का बड़ा संग्रह है, जो आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। साथ ही कार्यक्रम के माहौल के अनुसार छत्तीसगढ़ी और नए गानों की भी प्रस्तुति दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि भोरमदेव ऑर्केस्ट्रा ग्रुप छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के कई जिलों में अपनी प्रस्तुति दे चुका है। धार्मिक आयोजनों में गरबा, जस गीत और भजन के साथ-साथ शादी, बर्थडे और अन्य कार्यक्रमों में भी लगातार प्रस्तुति दी। पुराने और भूले-बिसरे गीतों को जीवित रखने का यह प्रयास सराहनीय है, जिसे ग्रुप के कलाकार अपनी मधुर आवाज के जरिए आज भी दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं।

## कोलेगांव में महाअष्टमी पर कराया कन्या भोज, उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि महाअष्टमी के पावन पर्व पर नौ कन्या भोज बड़ी धूमधाम से विधि विधान से पूजा-अर्चना कर गांव के सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हुए नौ कन्याओं का कुमारी भोजन कराया गया। जिसमें दिनेश पाण्डेय ने बताया की नवरात्र के दौरान कन्या पूजन का विशेष महत्व है, नवरात्र की सप्तमी से कन्या पूजन शुरू हो जाता है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन इन कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर पूजा जाता है। कम से कम नौ कन्याओं को पूजन के लिए बुलाना चाहिए, जिसमें से एक बालक भी होना अनिवार्य है। जिसे हनुमानजी का रूप माना गया है। जिस प्रकार मां की पूजा भैरव के बिना पूरी नहीं पूर्ण नहीं होती, उसी प्रकार कन्या



पूजन भी एक बालक के बगैर पूरा नहीं माना जाता। वहीं महाअष्टमी-नवमी पर नौ कन्याओं को भोजन कराना माता दुर्गा के नौ स्वरूपों (नवदुर्गा) की साक्षात पूजा माना जाता है। मान्यता है कि कन्याएं देवी का रूप होती हैं, जिन्हें हलवा, पूरी और काले-चने का भोग खिलाकर, दक्षिणा देकर और पैर छूकर आशीर्वाद लेने से घर में सुख, समृद्धि और दरिद्रता का नाश होता है।

## जिले में दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान ने कार्यकर्ताओं में किया ऊर्जा और उत्साह की संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से संचालित पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भाजपा शहर मंडल कवर्धा का दो दिवसीय प्रवासीय प्रशिक्षण वर्ग 24 एवं 25 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर परिषर में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर तथा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सहित अशोक साहू, भुनेश्वर चंद्राकर, रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, मुकेश ठाकुर, परेटन वर्मा, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी एवं





अनिल ठाकुर ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने संगठन की विचारधारा, कार्यप्रणाली, राष्ट्रसेवा तथा जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, सेवा-भाव एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे उनमें नई ऊर्जा, उत्साह एवं समर्पण की भावना जागृत हुई है, जो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसेवा के कार्यो को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने में सहायक होगी। वहीं समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थें, उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी वक्ताओं एवं सहभागी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस संबंध में जानकारी भाजपा शहर मंडल कवर्धा के मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा एवं राजेंद्र शर्मा द्वारा दी गई।

**श्रीशिव महापुराण की कथा अमृत से बढ़कर है: स्वामी**

## सलधा शिवलिंग व नित्य दान से हर परिवार हर घर को जुड़ना है: ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्म नगरीय ग्राम जुनवानी-कवर्धा में नर्मदा धाम पर जिला साहू संघ और मां कर्मा माता मंदिर समिति द्वारा आयोजित पंचकुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के सातवें दिन दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्रीशिव महापुराण की कथा अमृत से बढ़कर है, कैसा भी पापी क्यों न हो श्रीशिव महापुराण कथा से पवित्र हो जाता है। जो नित्य बारहों ज्योतिर्लिंग के नाम का स्मरण करते हैं वो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। दक्ष के 27 कन्या का विवाह चंद्रमा से हुआ, चंद्रमा रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे बांकी की उपेक्षा। दक्ष ने समझाया कि जो मुखिया हो उसे अपने समस्त आश्रितों से समान व्यवहार करना चाहिए, भेदभाव नहीं करना चाहिए, चंद्रमा नहीं माने तब दक्ष ने श्राप दे दिया कि तुम्हें क्षयरोग हो जाएं, तब भगवान ब्रह्मा के शरण में गए उनके अनुसार सोमनाथ में शिवलिंग का पूजन किया और महामृत्युंजय जाप से भगवान शिव प्रसन्न हो गए



और 15-15 दिन बढ़ने और घटने का वर दिया और प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के रुप में विराजमान हो गए। भगवान गणेश और कार्तिकेय के विवाह प्रसंग में गणेश माता-पिता की पूजा कर परिक्रमा करते हैं और उनका प्रथम विवाह होता है। माता-पिता घर में रहने वाले भगवान और तीर्थ हैं, जो अपने माता-पिता की सेवा करता है उसे समस्त तीर्थो का फल और भगवान की पूजा का फल मिलता है। अतः सभी को माता-पिता की सेवा करनी चाहिए, 12 ज्योतिर्लिंग के स्थापना का बहुत सुंदर वर्णन किया गया। दान और शास्त्रोक्त नित्य दान का वर्णन करते बताया गया कि शिवपुराण के विद्येश्वर संहिता में इसका उल्लेख है सामान्य दिन में दान से एक गुना फल, अमावस्या में सौ गुना, कर्क संक्रांति में हजार गुना, मकर संक्रांति में दस हजार गुना, चंद्र और सूर्य ग्रहण में लाख गुना फल जन्म नक्षत्र और व्रत के दूसरे दिन लाख गुना पुण्य मिलता है। नित्य दान के द्वारा इन सभी तिथियों में दान करने का फल मिलता है।

## मुख्यमंत्री बिल भुगतान समाधान शिविर का आयोजित

**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम हरिनछपरा में बिजली विभाग तथा पोंड़ी डीसी अंतर्गत मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान-2026 बिजली बिल राहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बिजली-बिल भुगतान समाधान योजना गत दिनों 12 मार्च से शुरुआत की गई। वहीं अब गांव-गांव बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल समाधान हेतु शिविर आयोजित की जा रही है, जिसमें बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में बिजली बिल समाधान शिविर आयोजित की गई। साथ ही साथ ग्राम राम्हेपुर कला, चंदनपुर, बीजाझोरी, रंहगी व बुधवारा के ग्रामीणों उपभोक्ताओं ने बिजली बिल छूट का लाभ उठाया। इस अवसर पर सहायक अभियंता सुनील कंवर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस योजना के तहत ग्राम पंचायत हरिनछपरा के शिविर में घरेलू कनेक्शन धारकों, बीपीएल परिवारों और कृषि उपभोक्ताओं को विशेष छूट और राहत प्रदान की गई। क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपने लंबित बिजली बिलों का निराकरण कराया और सरकार की योजना का लाभ उठाया, ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहां कि इससे उन्हें आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिली है, शिविर में न केवल बिलों का समाधान हुआ, बल्कि विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं का भी त्वरित निरवारण किया गया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिलों में छूट देकर राहत पहुंचने का प्रयास किया जा गया है, सहायक अभियंता सुनील कंवर ने स्वयं ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें समय पर बिजली बिल जमा करने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। बिजली विभाग द्वारा जोर-शोर से गांव-गांव जाकर शिविर आयोजित की जा रही है ताकि ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली छूट का लाभ मिल सके। इस दौरान ग्राम सारंगपुरकला, राम्हेपुर खुर्द, सूरजपुरा, सिंघनपुरी, नेऊरगांव, सूखाताल, बैहरसरी, उसलापुर, मानिकपुर, सिल्हाटी, मारियाटोला, लेजाखार, मुडियापारा, रीवापार व दशरंगपुर में बिजली बिल छूट शिविर आयोजित किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अपराध : ग्राम किशुनगढ़ में पारिवारिक विवाद के बीच दिल दहला देने वाली घटना**

# नशे में धुत बेटे की पिटाई से पिता की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

**आरोपी पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



आरोपी

पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम किशुनगढ़ में पारिवारिक विवाद ने दिल दहला देने वाली घटना का रूप ले लिया। यहां शराब के नशे में धुत एक बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पंडरिया थाना इलाके का है। पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की देर शाम आरोपी विनोद तिवारी आयु 46 शराब के नशे में घर पहुंचा और परिजनों के साथ गाली गलौज करने लगा। इस दौरान उसके पिता शिवकुमार तिवारी आयु 72 ने बेटे के इस व्यवहार का विरोध किया। विरोध से नाराज होकर आरोपी ने पास में रखे डंडे से अपने पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में शिवकुमार तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए और लहूलुहान हालत में उन्हें डॉयल 112 कि मदद से पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु की। इधर अस्पताल में इलाज के दौरान शिवकुमार तिवारी ने दम तोड़ दिया।

पिता की मौत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी भूपत सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने पिता को शराब के नशे में पीट-पीटकर हत्या की है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। शराबखोरी एक बार फिर इस हत्या का कारण बना है, इसके बावजूद लोग इस सामाजिक बुराई से दूर नहीं हो रहे हैं। शराब लगातार गांवों में अपना पैर पसारता जा रहा है।

# महाअष्टमी की मध्यरात्रि पर निकली खप्पर, दर्शन को जुटी हजारों की भीड़

## धर्म नगरी में दिखा, परम्परा और आस्था का अद्भुत दृश्य

- प्रशासन ने खप्पर के मद्देनजर की थी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



फाईल फोटो

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर शहर में आस्था और परम्परा का अनूठा संगम देखने को मिला, जब आधी रात को नगर के दो प्रमुख शक्ति पीठों से पारंपरिक खप्पर यात्रा निकाली गई।

वर्षों पुरानी इस परंपरा का निर्वहन पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ किया गया, जिसे देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु देर रात तक जुटे रहे। स्थानीय मां चण्डी मंदिर और मां परमेश्वरी मंदिर से ग्राम पूजा के लिए खप्पर निकाली गई।

इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तों की भीड़ से खचाखच भरा रहा। खप्पर यात्रा के दर्शन के लिए लोगों ने रतजगा कर मध्यरात्रि तक इंतजार किया। मध्यरात्रि में विशेष पूजा-अनुष्ठान के बाद यह परंपरा प्रारंभ हुई। इससे पहले मंदिर समितियों के पंडों द्वारा अगुवान और खप्पर धारक को वैदिक विधि से हवन कराया गया तथा नदी में स्नान कराया गया। इसके पश्चात मंदिर के गर्भगृह में देवी के परिधान और आभूषणों से उन्हें सुसज्जित किया गया। अगुवान को तलवार धारण कराई गई, वहीं खप्पर धारक के एक हाथ में जलता हुआ खप्पर और दूसरे हाथ में नंगी तलवार दी गई। देवी भाव से ओतप्रोत अगुवान और खप्पर धारक ने तेज किलकारी के साथ मंदिर परिसर से प्रस्थान किया।

लगभग 15 मिनट के अंतराल में दोनों मंदिरों से निकली खप्पर यात्राएं नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरीं। यात्रा बिलासपुर मार्ग, सतनामी पारा, ठाकुर पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, वीरस्तंभ चौक, गायत्री मंदिर, अंबेडकर चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। इसके बाद सरदार पटेल मैदान, सतबहिनिया मंदिर, महल चौक, सिविल लाइन, राधा कृष्ण वार्ड, शीतला चौक, करपात्री चौक, हटरी पारा, कचहरी पारा और गुप्ता पारा होते हुए पुनः अपने-अपने मंदिरों में समाप्त हुई। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस बल की तैनाती के बीच शांतिपूर्ण ढंग से यह धार्मिक परंपरा संपन्न हुई। खप्पर यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता के जयकारों के साथ आस्था का प्रदर्शन किया और पुण्य लाभ अर्जित किया।

**खबर संक्षेप**

### नगर में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा में रामनवमी का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। नगर में रामनवमी के अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन, पूजा-पाठ का आयोजन 27 मार्च को किया जाएगा। जिसकी तैयारियां विभिन्न मंदिर समितियों एवं सनातनियों द्वारा की जा रही हैं।

### मां राजोदाई मंदिर में किया गया श्रमदाम

**कवर्धा।** चैत्र नवरात्रि महाष्टमी के पावन अवसर पर समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वावधान में मां राजोदाई मंदिर, सुरजपुरा परिसर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष शत्रुघ्न वर्मा, उपाध्यक्ष चुन्नी चंद्रवंशी, महामंत्री जयचंद वर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील जायसवाल, सहकारिता प्रमुख राजू जी, जिला अध्यक्ष कवर्धा सोनी वर्मा, जिला महामंत्री राजा राम वर्मा, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष उमेश वर्मा, आशीष चंद्रवंशी एवं कृष्णा साहू (राम्हेपुर) व विवेक जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# महाअष्टमी पर शक्ति की भक्ति में डूबे नजर आए श्रद्धालु

- महाअष्टमी को लेकर लोगों में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



चैत्र नवरात्र पर्व की अष्टमी को कवर्धा नगर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया।

इस पर्व विशेष में गुरूवार की सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था और यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात चलते रहा। जिसके चलते नगर में मेला जैसा माहौल देखने को मिला। चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के रोज सुबह से श्रद्धालुओं ने स्थानीय देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में पहुंचकर मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और ज्योत-ज्वांरा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नारियल, फूल, खीर, पूरी तथा श्रृंगार के सामान चढ़ावे के रूप में अर्पित किए। सार्वधिक भीड़ नगर के मां विंध्यवासनी मंदिर, महामाया मंदिर, मां काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, परमेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर में देखने को मिली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने साथ मिलकर पूरी भक्ति भावना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर हवन भी किया। मां की भक्ति में डूबा समूचा नगर हवन कुण्ड से उठने वाले पवित्र धुआं व खुशबू से दमक उठा। चारों दिशाओं में मां भक्ति की गंगा देखने को मिली। तेज गर्मी व तपती दोपहरी में भी लोग हाथों में पूजा की थाल लिए नंगे पैर मां के दरबार में जाकर पूजा अर्चना की। नगर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, विन्ध्यवासिनी मंदिर तथा सतबहिनिया मंदिर में करीब 11.30 बजे हवन प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही मां चण्डी, परमेश्वरी, सिंहवाहिनी व शीतला मंदिर में करीब 12.30 बजे तथा मां राजराजेश्वरी काली मंदिर में 11 बजे हवन प्रारंभ किया गया। दूसरी तरफ अष्टमी की मध्यरात्रि को मां परमेश्वरी एवं मां चण्डी से निकले वाले खप्पर को देखने आसपास के अंचलों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। जिनके कारण पूरी रात स्थानीय देवी मंदिरों में चहल पहल बनी रही।

### कराया गया कन्या भोज

आचार्यो व पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान से कराए गए हवन के पश्चात कुंवारी कन्याओं को विशेष पूजा अर्चना पश्चात भोजन कराया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। यहां बताना लाजिमी है कि नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना विशेष महत्व है इसलिए अष्टमी को कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराना आवश्यक माना जाता है। इसी मान्यता के चलते शनिवार को हवन पाश्चात सभी देवी मंदिरों में कन्या पूजन एवं भोज कराया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी मां जगत जननी तथा कन्या की पूजा कर कन्या भोज कराया।

### मंदिरों के पास मेला जैसा माहौल

नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में शामिल मां विंध्यवासनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के सामने महाअष्टमी के मौके पर सुबह से ही मेला जैसा माहौल देखने को मिला। मंदिरों के बार दुकानदारों द्वारा नारियल, फूल माला, खेल खिलौना सहित अन्य साजो सामान की दर्जनो दुकाने लगाई गई थी। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदी की और मां जगतजननी को चढ़ावा भेंट किया। इस माहौल के चलते मंदिर के आसपास मेला सा माहौल देखने को मिला। नगर के दो शक्तिपीठों से खप्पर निकलने के कारण यह उत्साह दो गुना होगा।

# महुआ व देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- कवर्धा पुलिस ने ग्राम बेंदरची के आबादी पारा में दबिश देकर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों के कब्जे से महुआ शराब व बिक्री के लिए रखी देशी मदिरा जप्त की है। दोनो मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को जप्त किया है। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम प्रकरण में को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बेंदरची (आबादी पारा) में दबिश दी गई, जहां आरोपी मनोज पटेल पिता सुमित पटेल उम्र 32 वर्ष के कब्जे से अवैध रूप से रखा गया 08 लीटर देशी महुआ शराब तथा लगभग 40 लीटर महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपी के पास शराब रखने एवं निर्माण संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 3200 रुपए आंकी गई है। इसी प्रकार द्वितीय प्रकरण में उसी दिन ग्राम बेंदरची (भाठापारा) में स्कूल के पास दबिश देकर आरोपी कैलाश श्रीवास पिता पुरूषोत्तम श्रीवास उम्र 25 वर्ष को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन मदिरा (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 3.060 बल्क लीटर एवं बिक्री रकम 240 रुपए जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दोनों ही मामलों में आरोपियों द्वारा अवैध रूप से शराब का संग्रहण एवं विक्रय किया जाना पाया गया, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा था। कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर इन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं विक्रय की किसी भी जानकारी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके।

# संभागीय सरस मेला में अन्वेषा राजीव केशरी की शानदार प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सरदार पटेल मैदान कवर्धा में आयोजित संभागीय सरस मेला में नगर की नवोदित गायिका मिस अनुष्का-राजीव केशरी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। तेरी मिट्टी में मिल जावा जैसे देश प्रेम भावुक गीत की प्रस्तुति के साथ, ये मेरा दिल, हाल क्या है दिलों का, तेरे नाम जैसे पाश्र्व गीत की शानदार प्रस्तुति देकर पिता और पुत्री ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनकी गायकी लोगों के बीच प्रमुख आकर्षण रही। उल्लेखनीय है कि अनुष्का नगर के प्रतिष्ठित गायक राजीव केशरी की सुपुत्री है और वर्तमान में शारदा संगीत महाविद्यालय से गायन की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम के अंत में अन्वेषा केशरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस शानदार प्रस्तुति पर नगर के संगीतप्रेमियों, गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी।

# अष्टमी पर पांडातराई नगर में उमड़ी श्रद्धा, मंदिरों में दिनभर लगा रहा मेला



**पाण्डातराई।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि के दिन नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शन हेतु मंदिरों में उमड़ती रही। नगर के मां महामाया मंदिर के पुजारी प्रमोद पाठक ने बताया कि इस वर्ष मंदिर में 617 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जो भक्तों की आस्था का प्रतीक हैं। वहीं संतोषी मंदिर के पुजारी लोमस दुबे के अनुसार, इस बार मंदिर में 97 ज्योति कलश जलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सीतला मंदिर में भी 40 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। अष्टमी के दिन मंदिरों में दिनभर विशेष पूजा-अनुष्ठान आयोजित किए गए। नवरात्रि के नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत, जप-पाठ और भजन-कीर्तन के माध्यम से माता की आराधना में लीन रहते हैं। प्रतिदिन सुबह और शाम मंदिरों में माता की भव्य आरती की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

**मामले की जांच के बाद दोषी धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्रीकला का प्रभारी गिरफ्तार**

# धान खरीदी में 70 लाख से अधिक की हेराफेरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा




जिला पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए थाना कुण्डा क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्रीकला में हुए 70,43,200 रुपए के गबन, हेराफेरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले में प्रार्थी राजेन्द्र कुमार डाहिरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव शाखा कुण्डा द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत के अनुसार विपणन वर्ष 2025-26 में सेवा सहकारी समिति मर्यादित अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र पेण्ड्रीकला का निरीक्षण कलेक्टर खाद्य शाखा कबीरधाम के आदेश पर गठित जांच दल द्वारा किया गया। जांच में पाया गया कि 12 जनवरी 2026 की स्थिति में कुल 23319.20 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज थी, जिसमें से 3880 क्विंटल धान का उठाव हो चुका था तथा शेष 19439.20 क्विंटल धान केन्द्र में उपलब्ध होना चाहिए था। किन्तु भौतिक सत्यापन में मात्र 17167.20 क्विंटल धान ही पाया गया, जिससे 2272.00 क्विंटल धान की कमी सामने आई। इस कमी का आंकलन शासकीय मूल्य के आधार पर 70,43,200 रूपए किया गया। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया कि धान खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर द्वारा तौल पत्रक एवं रजिस्टर में कुटरचना कर धान की हेराफेरी की गई तथा अमानत में खयानत करते हुए शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। प्रकरण में थाना कुण्डा में अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 316(3), 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी, गवाहों एवं जांच दल के सदस्यों के कथन लिए गए तथा साक्ष्य संकलित किए गए। पूछताछ में आरोपी द्वारा धान खरीदी के दौरान रिकॉर्ड में हेराफेरी करना स्वीकार किया गया, जिससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी विवेक चंद्राकर की पतासाजी कर 26 मार्च 2026 को उसे उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर एवं न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# शहर कांग्रेस कवर्धा ने किया महाअष्टमी पर कन्या भोज व भण्डारा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की महाअष्टमी पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह नेतृत्व में स्थानीय शहर कांग्रेस कार्यालय में कन्या पुजन एवं कन्या भोज तथा विशाल भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अशोक सिह ने सपत्निक, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ 1111 कन्याओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें भोज कराया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि नवरात्र पर्व में कन्या पूजन एवं कन्या भोज सनातन धर्म की परम्परा और भारतीय संस्कृति है। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन की शुरुआत सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। जिसमें मां दुर्गा की आराधना कर प्रदेश और शहर की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके पश्चात कन्या पूजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी बालिकाओं के पैर धुलाकर उन्हें सम्मान पूर्वक बैठाकर भोजन कराया गया। कन्याओं को भोजन के साथ-साथ उपहार भी भेंट किए गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। महा अष्टमी के इस विशेष अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस भंडारे में कवर्धा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अनुमानित रूप से 5 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस परिवार के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर सेवाभाव से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एकता, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम भी करते हैं।